राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

—: प्रेस—नोट :—

दिनांकः 20.04.2022

आयोग द्वारा **सहायक कृषि अधिकारी संवीक्षा परीक्षा, 2021 (TSP & Non-TSP)** (कृषि विभाग) का आयोजन दिनांक 28.05.2022 एवं **केमिस्ट संवीक्षा परीक्षा, 2021** (आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग) का अयोजन दिनांक 29.05.2022 को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाना है।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 21.04.2022 से 30.04.2022 तक अभ्यर्थी का नाम व फोटो के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई—मित्र/ऑनलाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/— का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑनलाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षाओं में केवल ऑनलाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफलाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधामात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर **recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in** पर ई—मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(हरजी लाल अट़ल)
सचिव